सार-समाचार

रूद्र महायज्ञ में आहूतियां दी

बीदासर (निस)निकटवर्ती गांव धोरां की ढाणी स्थित गोरखधुणा में संत पं. रेंवती रमण के आश्रम पर महा शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में रूद्र महायज्ञ समिति के तत्वावधान में 121 कुंडीय रूद्र महायज्ञ में शुक्रवार शुरू हुआ। जिसमें यज्ञाचार्य पंडित चन्द्रशेखर दाधीच के वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ 121 पंडितों व 363 जोडों ने एक साथ आहूतियां दी। यज्ञ के साथ यज्ञ स्थल के पास प्रात: भागवत कथा का वाचन करते हुये पंडित नोरतमल शर्मा ने कहा कि भागवत भगवान का साक्षात कुष्ण का स्वरूप है। भागवत भव सागर के पार ले जाने वाली नौका है। भागवत जीवन में नई दिशा प्रदान करने वाली कथा है। भगवान की कथायें मनुष्य को मर्यादायुक्त जीवन जीने का संदेश देती है। उन्होंने आगे कहा कि ईश्वर कृपा प्राप्ति का सबसे सुंगम मार्ग गौ सेवा ही है। अत: प्रत्येक मनुष्य का अपने जीवन का कुछ समय गौ सेवार्थ देना चाहिए। गाय माता से हमे सब कुछ मिलता है। इसके बदले जीवन मे हमे कभी गौ सेवा का अवसर मिले तो तुरंत तैयार रहना चाहिये। उन्होंने आगे कहा इस जीवन में भगवान का नाम लेने से ही भक्ति व मुक्ति संभव है। काम, क्रोध, लोभ व मोह का त्याग कर उन्होने भगवत भजन करने की प्रेरणा दी। वही दोपहर में शिवपुराण कथा का वाचन कथावाचक पंडित घनश्याम लाल शर्मा ने किया। धार्मिक आयोजन के चलते ढाणी का वातावरण धर्ममय बना गया है। यज्ञ स्थल पर पहुच कर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने यज्ञ के दर्शन किये। तथा भंजन किर्तन करते हुये यज्ञशाला की परिक्रमा की। विशाल धार्मिक आयोजन की पूर्णाहुति 16 फरवरी को होगी। उल्लेखनीय है पंडित रेंवती रमण जी के आश्रम पर वर्ष 1997 से लगातार रूद्र महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष 30 वां रूद्र महायज्ञ का आयोजन होगा।

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

झुंझुनूं, (निसं)। जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक शुक्रवार को गांधी चौक डिस्पेंसरी में सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के विभिन्न पैरामीटरों की समीक्षा कर शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान के द्वितीय चरण को लेकर अति जोखिम वाली शहरी आबादी का संघन सर्वे कर निक्षय में पंजीयन करवाने, पात्र आबादी का शिविर लगाकर हैंड-डेल्ड मशीन से एक्स-रे करवाने व बलगम की जांच करवाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने निर्देश दिए कि अभियान के तहत अति जोखिम आबादी का माईक्रोप्लान शीघ्र तैयार कर संबंधित पीएचआई पर जमा हो, जिससे टीबीसी स्तर से एक्स-रे के लिए हैंड-डेल्ड मशीन का आवंटन किया जा सकें। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने सभी शहरी पीएचआई स्तर पर उपचारित शत-प्रतिशत टीबी रोगियों को दवा उपलब्धता, खाता अपडेट, जिओ ट्रेकिंग, मरीजों की आवश्यक जांच के साथ डिफरेंस टीबी केयर निक्षय पर अपडेशन करने के निर्देश दिए। बैठक में शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की गई।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

पाटन (निसं)। भावी पीढ़ी को कानूनी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से पाटन क्षेत्र में स्थित सुमन चाइल्ड पब्लिक सैकंडरी स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों, कानूनी जानकारी तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा। यह जागरूकता शिविर नालसा योजना (संवाद) के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें चंदन करोटवान ने विद्यार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

विराट हिंदू सम्मेलन में जनसैलाब उमड़ा, भव्य कलश यात्रा निकाली

■ विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां रही आकर्षक का केंद्र

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में शिवाजी बस्ती के द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। दोपहर 2 बजे महावीर हनुमान अंजनी माता मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकडों महिला ने सिर पर कलश धारण किए। शोभायात्रा में भारत माता, रामदरबार छत्रपति शिवाजी, हनुमानजी की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। डीजे की धुन पर श्रीराम के जयकारों के साथ हिंदू सम्मेलन में पहुँची।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधानपूर्वक भारत माता के पूजन के साथ किया गया। ढाणी बास दुर्गा पूजा स्थल पर आयोजित हिंदू सम्मेलन में मंच पर संत सुरजीतनाथ महाराज , परमहंस हंसराज महाराज भरपालसर , बाल योगी नंदीनाथ महाराज ,विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मिश्रा रतनगढ़ रहे । वक्ताओं ने राष्ट्रभक्ति, पर्यावरण संरक्षण और नारी शक्ति के सम्मान का सशक्त संदेश दिया गया वातावरण को भक्तिमय और राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया। मंचस्थ संतों को भगवा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। नेहा शर्मा के द्वारा सनातन के प्रति जागरूक सन्देश के माध्यम से उद्बोधन दिया। सुशील दाधीच के दाधीच कविता के माध्यम से सन्देश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला मंत्री अरविंद मिश्रा का प्रेरणादायी उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने हिंदू समाज की एकता, संगठन और समरसता पर बल देते हुए संघ के पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों-पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर संत सुरजीतनाथ महाराज ने सनातनियों से जातियों में नहीं बंटकर एकजुट होने और सनातन धर्म की रक्षा करने का आवाहन किया।. उन्होंने.कहा कि भारत भूमि पर जन्म लेना सौभाग्य की बात है।और हर भारतवासी को श्रेष्ठ नागरिक बनकर पूरे विश्व को श्रेष्ठ बनाना चाहिए। हंसराज महाराज ने कहा कि हिन्दू संस्कृति सर्वे भवंतु सुखिन: के विचार के साथ पूरे विश्व के कल्याण की कामना करती है। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए उन्होंने प्रत्येक नागरिक से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण, स्वय का बोध और नागरिक शिष्टाचार जैसे पांच परिवर्तनों को अपने व्यवहार में लाने का आग्रह किया। इस अवसर पर धमाल का भी आयोजन किया गया जिसमें फाल्गुन गीतों पर लुप्त उठाया। इस अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में इंद्रचंद देवड़ा , भजन लाल मीणा , मनोहर सैनी, चंदनमल देवडा, सामाजिक समरसता के क्षेत्र में वीरेंद्र लाटा , बिड़दी चंद घोड़ेला , गौ सेवा के क्षेत्र में सूरज मल लावट, मांगीलाल निरानिया, विनोद शर्मा, राधेश्याम पारीक, लोकरीति के क्षेत्र में शांति देवी , लिछमादेवी , किसना देवी , वीरांगना के क्षेत्र पेब कंवर , इंद्रा कंवर , रोजगार के क्षेत्र में पवन घोड़ेला , मनोज पारीक , परमानंद प्रजापत , विजय सिंह , विजय कुमार प्रजापत , रामेश्वर सैनी प्रतिभा के क्षेत्र में कथा वाचक मधु शर्मा , वर्षा घोड़ेला चित्रकार, योगिता प्रजापत, रिंकू सैनी, नेहा शर्मा, प्रीति, दशरथ जाट, रेखा प्रजापत, हरिराम बाबा मंदिर पुजारी लालचंद, संकट मोचन पुजारी मनोजपारीक, बाबा रामदेव मंदिर मुकेश सैनी, ठाकुर जी मंदिर महेंद्र शर्मा,अंजनी माता मन्दिर अंकित आदि का सम्मान किया गया।

इस मौके पर धनराज सैन, श्रीकृष्ण स्वामी, कपिल देवडा, विक्रम सिंह चौहान, विक्रम सिंह शेखावत एडवोकेट कपिल पारीक, कमल प्रजापत, रामनारायण प्रजापत, गोपाल सोनी, सुभाष देवड़ा, विमल सुथार, कृष्ण शास्त्री, आसाराम प्रजापत, पोकरमल घोड़ेला सहित सैकड़ों की संख्या में सनातन प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र लाटा ने किया।

शहीद नायब सुबेदार दौलतसिंह की मूर्ति का अनावरण

सीकर (निसं)। फतेहपुर शेखावाटी, रोलसाहबसर रामगढ़ शेखावाटी में 5 राजपूताना राइफल्स के वीर सपूत एवं शहीद नायब सुबेदार दौलतसिंह की स्मृति में शुक्रवार को मुख्य बस स्टैंड स्थित शहीद स्मारक पर उनकी प्रतिमा का गौरवपूर्ण अनावरण किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शहीद के परिजनों का विशेष सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने शहीद की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर सदैव देशवासियों के हृदय में अमर रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फतेहपुर विधायक हाकम अली खान ने की।

नये यूजीसी नियम को यथावत रखने की मांग

चूरू (निसं)। नेशनल ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी चूरू की ओर से बुधवार को यूजीसी बिल 2026 को यथावत लागू रखने की मांग को लेकर रैली निकालकर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष चंद्रमोहन सैनी ने बताया कि नए यूजीसी नियम 2026 एससी, एसटी, ओबीसी, महिला व दिव्यांगों की महती आकांक्षा है। नए यूजीसी नियम ऐतिहासिक और युगांतकारी है। रोहित वेमुला और पायल तड़वी की आत्माएं आज भी न्याय के लिये भटक रही है। नए यूजीसी नियम रोहित व पायल को न्याय प्रदान करेंगे।

महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने जिस प्रकार पिछड़े, दलित, आदिवासी, वंचित व शोषित वर्ग के लिए संघर्ष किया है, उनको यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कॉलेज, यूनिवर्सिटी व उच्च शैक्षिणक संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं व दिव्यांगों के साथ जातिभेद का अपमानजनक व्यवहार किया जाता है। यह बिल किसी जाति, समाज, समुदाय विशेष के विरुद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक न्याय की प्रक्रिया है। ज्ञापन में बताया कि 15 प्रतिशत लोगों के लिए 85 प्रतिशत लोगों की बलि नहीं दी जा सकती है। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में गिरधारी लाल तंवर, डॉ. अशोक शर्मा (जांगिड), राधेश्याम स्वामी, एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति, आनंद बालाण सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना जागरूकता शिविर 10 को

लक्ष्मनगढ़ शेखावाटी (निसं)। पालडीवाला सोसाइटी व जिला उद्योग केन्द्र सीकर द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर जागरूकता शिविर पालडीवाला आईटीआई बासनी रोड लक्ष्मणगढ़ में 10 फरवरी को आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्राचार्य राकेश मालवीय ने बताया कि पालडीवाला सोसाइटी और जिला उद्योग केन्द्र सीकर के द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के प्रचार- प्रसार एवं युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रात: 11 बजे प्रारंभ होगा। जिसमें लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के शिक्षित, आईटीआई एवं अन्य तकनीकी युवाओं को स्वयं का उद्योग अथवा सेवा व्यवसाय शुरू करने हेतु उपलब्ध सरकारी ऋण योजनाओं, अनुदान एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। शिविर में युवाओं को उद्योग क्षेत्र के लिए 25 लाख रुपए तक एवं सेवा क्षेत्र के लिए 10 लाख रुपए तक के ऋण की जानकारी दी जाएगी। साथ ही योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को मिलने वाले 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक के सरकारी अनुदान (सब्सिडी) के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा।

सार-समाचार

पीएम से संवाद कर चूरू की छात्रा भूमिका शर्मा ने रचा गौरव का क्षण

जयपुर/चूरू (निसं)। राजस्थान के चूरू जिले की पीएम श्री विद्यालय खंडवा की 12वीं कक्षा की छात्रा भूमिका शर्मा ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से संवाद कर प्रदेश सहित जिले और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। भूमिका देश के उन 12 चयनित विद्यार्थियों में शामिल रहीं, जिन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से सीधे संवाद का अवसर मिला। यह उपलब्धि जिले के शैक्षिक प्रयासों और विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान भूमिका शर्मा ने प्रधानमंत्री जी से प्रश्न किया कि बड़े सपने देखने के लिए ऐसी कौन-सी आदतें अपनानी चाहिए, जिससे हम अपने लक्ष्य के और अधिक निकट पहुँच सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उत्तर में महापुरुषों की जीवनियों को पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे आत्मविश्वास मजबूत होता है और व्यक्ति अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ता है। भूमिका शर्मा ने प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं विद्यालय के सकारात्मक वातावरण को दिया।

खेलकूद सप्ताह का शुभारंभ

झुंझुनूं, (निसं)। सीकेआरडी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज ढिगाल में खेलकूद सप्ताह का आयोजन शुक्रवार से शुरू हुआ। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला मुख्यालय के स्वर्ण जयंती स्टेडियम में हुआ। शुरुआत में समस्त प्रतिभागी टीमों द्वारा अपने खेल प्रतीक ध्वज के साथ मार्च पास्ट द्वारा मंच को सलामी से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. लालचंद ढाका ने की। विशिष्ट अतिथि जिला खेल अधिकारी राजेश ओला थे। इस अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष डॉ. संतोष ढाका, प्रशासनिक अधिकारी दयाराम नेहरा व समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. लालचंद ढाका ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि खेलों से न केवल शरीर बल्कि मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। खेलों को अनुशासन व खेल की भावना से खेलने की सलाह दी। वहीं प्रशासनिक अधिकारी दयाराम नेहरा ने बताया कि प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी के अलावा एथेलेटिक गेम भी होंगे।

बच्चों को सम्मानित किया

तारानगर (निसं)। तारानगर के निकटवर्ती गाँव पंडरेउताल की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सरोज देवी की अध्यक्षता व पार्षद कृष्ण कुमार सहारण के मुख्यातिथ्य में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के कक्षा 1 से 12 के समस्त विद्यार्थियों को स्कूल बैग व गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भामाशाह कृष्ण कुमार सहारण, सेवानिवर्त अध्यापक मोहनलाल, रावताराम, रूपराम पचार, सहित विद्यालय स्टाफ बच्चे व ग्रामीण मौजूद थे।

श्रीराम मंदिर का शिलान्यास आज

बीदासर (निसं)। कस्बे में गोवर्धन फाउंडेशन के सौजन्य से सीकर नोखा रोड़ स्थित बैनाथा बस स्टैंड के पास अयोध्या की तर्ज पर करोड़ों रूपये की लागत से बनने वाले श्रीराम मंदिर का शिलान्यास आज शनिवार को दोपहर 12.15 बजे श्री विद्याधाम इंदौर एवं गुप्तकाशी के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती महाराज रखेंगे।

ज्ञापन दिया

बीदासर (निस)ग्रीन बिग्रेड टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को उपखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन देकर प्रदेश में खेजड़ी के पेड़ की कटाई पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। टीम ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि देश भर में पर्यावरण प्रेमियों द्वारा प्रदेश में खेजडी बचाओं आंदोलन चलाया जा रहा है। हम इस क्षेत्र पर्यावरण प्रेमी खेजडी बचाओं आंदोलन का समर्थन करते है, तथा राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजडी की कटाई पर कड़ा कानून बनाकर आमजन व पर्यावरण प्रेमियों की भावनाओं ध्यान रखते हुए कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

नाम परिवर्तन

मैं रजनी कान्त पुत्र श्री रतन लाल निवासी ग्राम कड़वासर तह. व जिला चूरू का हूं यह कि मेरे पासपोर्ट न. P3172174 है मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम रजनीकान्त (RAHNIKANT) कर दिया जो गलत है। मेरा सही नाम रजनी कान्त (RAJNI KANT) है जो सही है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावे। भविष्य में कोई विवाद होता है तो उसकी जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी।

शपथग्रहिता - रजनीकान्त

किसान महापंचायत 25 को

रतनगढ़ (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी की विस्तारित बैठक आयोजित हुई, जिसमें तहसील कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। भादर भामू को तहसील अध्यक्ष तथा गोपीचंद खीचड़ को तहसील सचिव निर्वाचित किया गया। संरक्षण मंडल में मदनलाल जाखड एवं खींवाराम ख्यालिया को शामिल किया गया।

पैरा थ्रो बॉल नेशनल फैडरेशन कप 2026 का समापन

■ परिणाम चाहे कुछ भी हो, निराश नहीं होना चाहिए : दहिया

झुंझुनूं, (निसं)। सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी बडी में तीन दिन से चल रहे और पैरा थ्रो बॉल फैडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित पैरा थ्रो बॉल नेशनल फैडरेशन कप 2026 कम ट्रायल चयन द्वितीय एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2026 के लिए, का भव्य समापन समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

समापन कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पौधारोपण के साथ की गई। तत्पश्चात सभी अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राजेश दहिया रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झुंझुनूं जिले की पावन धरा पर पहली बार किसी राष्ट्रीय स्तर के पैरा खेल आयोजन का होना गर्व का विषय है। यहां से चयनित खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल का परिणाम चाहे कुछ भी हो, निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि यहां तक पहुंचना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। सभी पैरा खिलाडी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय को भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर आयोजित करते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के कैंपस डायरेक्टर प्रोफेसर पीएस जस्सल ने अपने स्वागत भाषण में सभी खिलाड़ियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिव्यांगजन जो कर सकते हैं। वह सामान्य लोगों से कहीं अधिक होता है। उन्होंने कहा कि विगत तीन दिनों से यह मंच देश के विभिन्न राज्यों से आए पैरा खिलाड़ियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और संकल्प शक्ति का साक्षी बना है। विशेष अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जयपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विजेता कोई भी हो, सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

उन्होंने इस मंच पर आमंत्रित करने के लिए सिंघानिया परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। अति विशिष्ट अतिथि नारनौल नगरपालिका की चेयरमैन कमलेश सैनी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी दिव्यांग खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता शरीर में नहीं, बल्कि इरादों में होती है, और सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक शृंखला प्रस्तुत की गई। एनडीएसआईएस विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पैरा खिलाड़ियों के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक नाटिका प्रस्तुत की गई। साथ ही विद्यालय की छात्राओं द्वारा कालबेलिया नृत्य एवं हरियाणवी नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। सिंघानिया विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अनेकता में एकता को दर्शाते हुए देश के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों की भव्य प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई पुरुष एवं महिला टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं कौशल का परिचय दिया।

प्रतियोगिता के अंतिम परिणामों के तहत पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान आंध्र प्रदेश, द्वितीय स्थान तेलंगाना व तृतीय स्थान हरियाणा का रहा। वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान झारखंड, द्वितीय स्थान राजस्थान व तृतीय स्थान तेलंगाना का रहा। व्यक्तिगत पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरुष वर्ग में बी. पवन कुमार आंध्र प्रदेश तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी महिला वर्ग में महिमा कुमारी झारखंड रही। समापन समारोह में विजेता एवं उप विजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पैरा थ्रो बॉल सोसाइटी राजस्थान द्वारा इस सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी स्थान नवलगढ
सोहनलाल बनाम रमेश वगैरा
दावा घोषणार्थ, दुरूस्ती रिकार्ड, स्थाई निषेधाज्ञा, शून्य व बेअसर घोषित करने विक्रय-पत्र
मु.नं.

बनाम-रमेश पुत्र केशरिया उर्फ केशर, महावीर, शंकर पुत्रगण रामेश्वर, वरजी पत्नी रामचन्द्र, संजय, सुरेन्द्र, सतीश पुत्रगण रामचन्द्र, ज्ञानवती पत्नी सुझानी उर्फ सुरझानी जाति मेघवंशी निवासीगण ग्राम डूण्डलोद तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनू, राजस्थान, राजस्थान सरकार जरिये जिला कलेक्टर झुन्झुनू तहसील व जिला झुन्झुनू राजस्थान वादी ने आपके विरूद्ध दावा घोषणार्थ, दुरूस्ती रिकार्ड, स्थाई निषेधाज्ञा, शून्य व बेअसर घोषित करने विक्रय-पत्र के लिये वाद पंजीयत किया है, आपका इस न्यायालय में तारीख 23 माह 2 सन 2026 को दिन मे 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजीर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश के दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है, पेश करे, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुनवाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख 23.2.2026 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

यह वाद ता0 23 माह 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर
न्यायाधीश
उपखण्ड अधिकारी नवलगढ़

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 54/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री कपिल गाडिया पुत्र श्री गोपीचन्द गाडिया निवासी रोड नं.3, आदर्श नगर, झुंझुनूं ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत पुनीत कृष्ण गाडिया मेमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट, सी/ओ गोपीचन्द गाडिया रोड नं.3, आदर्श नगर, झुंझुनू के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 06.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 13.04.2026

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

ब्राह्मण समाज को अपमानित करने के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं, (निसं)। नेटफिक्स पर रिलिज होने वाली फिल्म घूसखोर पंडित के अपमानजनक एवं समाज विरोधी शीर्षक के खिलाफ विप्र फाउंडेशन ने पुरजोर विरोध दर्ज करवाते हुए विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अगुवाई में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग करते हुए संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि फिल्म का शीर्षक पूरे ब्राह्मण समाज को घूसखोरी जैसे घृणित कृत्य से जोडने का षड़यंत्र है। जो न केवल समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है। बल्कि सांप्रदायिक व जातिगत द्वेष फैलाने का प्रयास भी है। ब्राह्मण समाज का पंडित शब्द सदियों से ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र सेवा का प्रतीक रहा है। उसे इस प्रकार अपमानित करना असहनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। ओटीटी प्लेटफॉर्म जानबूझकर सनातन समाज को निशाना बनाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम कर रहा है। समाज मांग करता है कि उक्त फिल्म पर तत्काल रोक लगाई जाए। शीर्षक को अविलंब बदला जाए तथा दोषी निर्माताओं और प्लेटफॉर्म के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के महामंत्री रामगोपाल महमिया, बार एसोसिएशन सचिव एडवोकेट विकास महमिया, प्रकाश सुरोलिया डब्ल्यू, अनिल जोशी, राकेश सहल, सुरेश तिवारी, गोपी पुरोहित, एडवोकेट रवि शुक्ला, एडवोकेट कमल शर्मा, वशिष्ठ शर्मा, विक्रांत जोशी, राजीव लोचन पांडे, विकास पुरोहित, ललित शर्मा, चंद्रप्रकाश कौशिक, प्रमोद शर्मा, शिवशंकर शर्मा डूमोली आदि ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)
E- Mail Address - eonp.sdlp@yahoo.in Phone :- 01559 – 222039
क्रमांक :–न.पा.रा. / निर्माण / 2025–26 / 7479 दिनांक :– 04.02.2026

Notice Inviting Bid

Bids for NGO/FRIM/CONTRACTOR are invited from interested bidders upto 06:00pm (time) 16.02.2026 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state website.

NIB Code	UBN No.
DLB2526B1183	DLB2526WSOB33077
	DLB2526WSOB33078

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)
राज.संवाद / सी / 25 / 19312


NATIONAL SC-ST HUB
NSIC
अनुसूचित जाति/जनजाति उद्यमियों को अवसर प्रदान करने हेतु
नेशनल एससी-एसटी हब योजना
अक्टूबर 2016 से
एससी-एसटी इकाईयों से सरकारी खरीद 38 गुना बढ़ी
1.5 लाख से अधिक एससी-एसटी उद्यमी लाभान्वित
मुख्य लाभ
₹25 लाख तक की सब्सिडी
नि:शुल्क क्षमता निर्माण प्रशिक्षण
विक्रेता विकास एवं बाजार संपर्क सहायता
प्रतिस्पर्धात्मिकता संवर्धन सहयोग
"एम एस एम ई हमारे देश की आर्थिक वृद्धि में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं। हम इस क्षेत्र के संरक्षण और सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।"
— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
अधिक जानकारी के लिए देखें: www.scsthub.in
राष्ट्रीय एससी-एसटी हब फॉलो